तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, रविवार 9 मार्च 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट



12 थानखम्हरिया में हुई मानस संगोष्ठी





10 डॉयल-112 सेवा सभी जिलों में शुरू करने की तैयारी...




खबर संक्षेप

## राष्ट्रव्यापी महा परीक्षा के लिए हुई जिलास्तरीय उन्मुखीकरण कार्यशाला




**बेमेतरा।** जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत 23 मार्च को आयोजित होने वाली राष्ट्र व्यापी महा परीक्षा के जिले में आयोजन के सम्बन्ध में जिला स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। उक्त बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. कमल कपूर बंजारे, जिला मिशन समन्वयक नरेंद्र वर्मा, वरिष्ठ प्राचार्य एस.पी. कोसले ,जिला नोडल अधिकारी सुनील कुमार झा,सहायक जिला परियोजना समन्वयक धनंजय शर्मा, जिला रिसोर्स पर्सन बी.एल. साहू, विकासखंडों के विकासखंड शिक्षा अधिकारी, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक एवं तकनीकी रिसोर्स पर्सन उपस्थित थे। बैठक में जिले में बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान आकलन की महा परीक्षा के लिए शिक्षार्थियों के पंजीयन, केंद्र निर्धारण, प्रचार प्रसार, केंद्र व्यवस्था, मॉनीटरिंग, परीक्षा आयोजन, मूल्यांकन तथा डाटा प्रविष्टि पर विस्तृत जानकारी दी गई। सभी संकुल समन्वयक एवं ग्राम प्रभारियों की बैठक आयोजित कर स्वयं सेवी शिक्षकों के माध्यम से शिक्षार्थियों को राष्ट्र व्यापी महा परीक्षा में सम्मिलित कराने एवं परीक्षा की सम्पूर्ण तैयारी सुनिश्चित करें।

## डीहपारा बासीन विद्यालय में महिला दिवस पर हुए विविध कार्यक्रम




**बेमेतरा।** शासकीय प्राथमिक शाला डीहपारा बासीन विकासखंड साजा में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। उक्त दिवस पर प्रधान पाठक गोपी चरण साहू ने बच्चों को बताया कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस महिलाओं की सम्मान दिवस है। इस दिन महिलाओं के योगदान व उपलब्धि को याद किया जाता है। यह हर साल 8 मार्च को मनाया जाता है यह दर्शाता है कि समाज की प्रगति में महिलाओं की भागीदारी अनिवार्य है। यह दिन समाज में महिलाओं की शक्ति को प्रोत्साहित किया जाता है। इस दिन महिलाओं के अधिकार और सशक्तिकरण पर जोर दिया जाता है। बच्चों के द्वारा रंगोली चित्रकला हाथ धुलाई आदि कार्यक्रम का आयोजन रखा गया। उक्त कार्यक्रम में सम्मिलित शाला की शिक्षिका सीमा रानी देवांगन, रसोइया रेखा यादव, जमुना ठाकुर शाला विकास समिति के महिला सदस्यों का बच्चों ने सम्मान कर आशीर्वाद लिए।

## दुर्घटना में मौत पर 65 लाख रुपए का अवार्ड पारित

**बालोद।** जिले में आयोजित नेशनल लोक अदालत में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्यामलाल नवरत्न द्वारा 65 लाख रूपये की राशि का आवार्ड पारित किया गया।

आयोजन

# नेशनल लोक अदालत में 2 करोड़ 38 लाख के अवार्ड पारित, 18 पारिवारिक मामले सुलझे

### जिले में कुल 7 न्यायालयीन खण्डपीठों का किया गया था गठन, सुलझाए गए कई प्रकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिला न्यायालय में 8 मार्च को इस वर्ष के प्रथम नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। लोक अदालत का प्रधान जिला न्यायाधीश बृजेन्द्र कुमार शास्त्री ने दीप प्रज्वलित कर लोक अदालत का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में मौजूद न्यायाधीशगण, अधिवक्तागण व न्यायिक कर्मचारीगण को अधिक से अधिक प्रकरणों का निराकरण करने हेतु प्रोत्साहित कर शुभकामाएं दी। लोक अदालत में जिला न्यायालय प्रांगण में जिले के कोने-कोने से पक्षकार अपने प्रकरणों के निराकरण के लिए उपस्थित हुए, जिनकी सुविधा के लिए विधिक सहायता डेस्क, स्वचलित चिकित्सकीय वेन, स्वास्थ्य डेस्क व समस्त बैंक, विद्युत विभाग, फाइनेंस कंपनी द्वारा संचालित डेस्क लगाई गयी। नेशनल लोक अदालत हेतु जिला न्यायालय में 6 खण्डपीठ और तहसील साजा न्यायालय में 1 खण्डपीठ इस प्रकार जिला में कुल 7 न्यायालयीन खण्डपीठ का गठन कर दो-दो सुलहकर्ता सदस्यों की नियुक्ति की गई। उक्त नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन के अनुक्रम में समस्त न्यायालीन कर्मचारी, पैरालीगल वालेंटियर्स, जिला प्रशासन, जिला एवं जनपद पंचायत, नगर पालिका, विद्युत विभाग, जिले की समस्त बैंको सहित अन्य समस्त विभागों का भरपूर सहयोग प्राप्त हुआ है।

जिले में 9092 प्री-लिटिगेशन व लंबित प्रकरणों को निराकरण हेतु रखा गया था जिसमें से राजस्व प्रकरण, विद्युत विवाद बैंक प्रकरण व बी.एस.एन.एल. प्रकरणों का निराकरण कर कुल 37,32,746- रूपये की वसूली की गई। न्यायालय में लंबित 92 अपराधिक प्रकरण, 12 सिविल प्रकरण, 91 पारिवारिक प्रकरण, 20 मोटर दुर्घटना दावा व अन्य ▶▶| शेष पेज 10 पर






### आरबिट्रेशन-निष्पादन प्रकरण में हुआ राजीनामा

खंडपीठ क्र. 03 में पीठासीन अधिकारी देवेन्द्र कुमार द्वारा नवागढ़ के जशबीर सिंग गुम्बर, वादी ने राजेश अरोड़ा एवं राजेन्द्र पुरी गोस्वामी प्रतिवादीगण के विरूद्ध दुकान पर कब्जा एवं विक्रय विलेख को शून्य करवाने हेतु प्रकरण में राजीनामा होने से पक्षकारों में भाई चारा बड़ा और उभय पक्ष ने वाद सम्पति दुकान के विवाद का निराकरण प्रतिवादी कमांक 02 राजेन्द्र पुरी गोस्वामी ने वादी को वाद सम्पति का कब्जा देने प्रति पाबंध किया। श्रीराम ट्रांसपोर्ट फायनेंस कंपनी लिमिटेड ने एक निष्पादन प्रकरण में निर्णितऋणी फिरोज के विरूद्ध इस न्यायालय में एवार्ड की राशि 1,79,240 रूपये प्राप्त करने के लिए प्रकरण प्रस्तुत किया था। जिसमें निर्णितऋणी के विरूद्ध आर्थिक स्थिति को देखते हुए फायनेंस कंपनी ने 70,000 रूपये में समझौता किया।

### न्याय वृक्ष एवं द्वार तोरण से किया गया जागरूक

नेशनल लोक अदालत में नालसा एवं सालसा योजनाओं एवं अभियानों की व्यापक प्रचार-प्रसार करने हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बेमेतरा द्वारा योजनाओं-अभियानों एवं कानूनी के प्रति जागरूकता बढ़ाने की दिशा में न्याय वृक्ष एवं द्वार तोरण बनाकर प्रदर्शनी के माध्यम से नेशनल लोक अदालत में आये पक्षकारों को जानकारी प्रदान करते हुए कानूनी विषयों पर रंगोली बनाकर बेटी बचाओं, बेटी पढ़ाओं, न्याय सबके लिए संदेश देते हुये बाल विवाह एवं बलात्कार पीड़िता के गर्भ का चिकित्सीय समापन व अन्य विधिक विषयों पर पाम्पलेट का वितरण कर जागरूक किया गया। **लघु फिल्मों का प्रसारण व पॉम्पलेट का विमोचन**: जिला न्यायालय परिसर में लोगों को विधिक रूप से जागरूक करने के लिए प्रोजेक्टर के माध्यम से घरेलू हिंसा, लैंगिक अपराधों से संबंधित, महिलाओं से छेड़छाड़ व साईबर क्राईम, मोटर दुर्घटना सहित विभिन्न विषयों पर लघु फिल्म दिखायी गयी, जहां पक्षकारों के लिए बैठक व पेयजल की व्यवस्था की गई। साथ ही प्राधिकरण की गतिविधियों की झलकियां भी दिखाई गई। उक्त दिवस के अवसर पर जिला विधिक प्राधिकरण बेमेतरा द्वारा महिलाओं के विरूद्ध अपराध एवं साइबर काईम विषय से संबंधित पाम्पलेट का विमोचन किया गया।

### लर्निंग ड्राइविंग लाईसेंस कैम्प का आयोजन

जिला न्यायालय परिसर में नेशनल लोक अदालत के अवसर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में अधिवक्तागण, न्यायिक कर्मचारीगण एवं लोक अदालत में आए हुए पक्षकारों व जनमानस के लिए परिवहन विभाग के सहयोग से शासकीय शुल्क पर लर्निंग ड्राईविंग लाईसेंस कैम्प का किया गया आयोजन।

### मोटर दुर्घटना में दिलाई गई क्षतिपूर्ति राशि

न्यायालय, बृजेन्द्र कुमार शास्त्री, प्रधान जिला न्यायाधीश द्वारा न्यायालय में दुर्घटना में मृतक बिहारी प्रसाद निषाद की मृत्यु होने पर क्षतिपूर्ति दावा प्रस्तुत किया गया था। न्यायाधीश के समझाईश पर बीमा कंपनी द्वारा मृतक की पत्नि एवं इसकी अवयस्क संतान के पक्ष में 10 लाख की क्षतिपूर्ति राशि प्रदान करने का आदेश दिया। दोनों पक्षों के द्वारा राजीनामा किया गया। **पारिवारिक मामलों के झगड़ों में न्यायाधीश ने कराया राजीनामा**: नेशनल लोक अदालत में बेटा और मां-बाप के मध्य पारिवारिक विवाद के प्रकरण को न्यायिक मजिस्ट्रेट, मो. जहांगीर तिगाला ने आपसी समझौते के आधार पर समाप्त करवाया। एक प्रकरण में बेटा का अपने पिता और बहन ▶▶| शेष पेज 10 पर

### दूरियां राजीनामा करने में बाधक नहीं

एक प्रकरण जहां पति ने अपनी सास और पत्नी के साथ लड़ाई झगड़ा किया। न्यायिक मजिस्ट्रेट, अनिता कोशिमा रावटे ने पक्षकारों के मध्य प्री-सीटिंग की गई लोक अदालत के दिन पत्नी के बीमार पड़ जाने के कारण वह न्यायालय में उपस्थित नहीं हो सकी। इसे देखते हुए न्यायाधीश द्वारा वीडियो कॉन्फेंसिंग के माध्यम से पक्षकारों के मध्य राजीनामा करवाया।

### न्यायालय परिसर से खुशी-खुशी विदा हुए 18 परिवार

एक प्रकरण में दम्पति वर्ष 2022 में एक साथ सुलह होकर साथ गये थे, किन्तु उनके मन की शंका दूर न होने से उनके मध्य पुनः विवाद प्रारंभ हो गया। उनके मध्य विवाद को पारिवारिक तथा सामाजिक स्तर पर सुलझाने का बहुत प्रयास किया गया, किन्तु कोई परिणाम नहीं निकला। दम्पति के चार एवं दो वर्ष के दो पुत्र भी हैं, जिनके भरण, पोषण के लिए पत्नी ने पति के विरूद्ध भरण पोषण का मामला न्यायलाय में पुनः पेश कर दिया था। न्यायाधीश नीलिमा सिंह बघेल के न्यायालय में उनके मध्य पुनः सुलह समझौता का अथक प्रयास किया गया एवं उन्हें दोनों बच्चों के भविष्य के बारे में समझाते हुए चार पांच काउंसिलिंग की गई। जिससे उनका मन परिवर्तित हो गया और उन्होंने सुखमय पारिवारिक जीवन बिताने की शपथ लेकर लोक अदालत में अपना प्रकरण समाप्त करा लिया। एक अन्य मामला जिसमें उभयपक्ष का विवाह वर्ष 2020 में हुआ था और दोनों का एक पुत्र दो वर्ष का बालक भी है। उनके मध्य आपसी मतभेद इतना बढ़ गया था कि पत्नी ने न्यायालय में भरण. पोषण का मामला दायर कर दिया था और बच्चे के साथ पति से पृथक रह रही थी। पति का अपने बच्चे से इतना प्रेम है कि वह भरण-पोषण देने के लिए राजी हो गया था, किन्तु दोनों के अलग रहने के कारण उनके बालक का ठीक तरह से पालन-पोषण नहीं हो पा रहा था। दोनों के बीच सुलह समझौता कराने का विशेष प्रयास न्यायाधीश नीलिमा सिंह बघेल द्वारा कई दिन से किया जा रहा था। लोक अदालत में दोनों पक्ष अपने बच्चे के साथ न्यायालय में उपस्थित हुए और पत्नी ने अपना प्रकरण समाप्त करने का निवेदन किया। जिस पर न्यायाधीश द्वारा उन्हें सही निर्णय लेने की बधाई देते हुए वैवाहिक जीवन की महत्ता बताई गई और पूरे परिवार को राजीखुशी न्यायालय से विदा किया गया। कुटुम्ब न्यायालय में इस प्रकार प्रकरणों में दम्पतियों को नारियल, तुलसी का पौधा ▶▶| शेष पेज 10 पर

# क्रॉस वोटिंग की शिकार हुई भाजपा, बहुमत के बावजूद अपना उपाध्यक्ष नहीं बना पाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/देवकर

- नगर पंचायत देवकर में कांग्रेस पार्षद अतुल 10 मत पाकर बन गए उपाध्यक्ष
- नगर पंचायत में भाजपा के 8, कांग्रेस के 8 और 1 निर्दलीय पार्षद हैं

नगर पंचायत देवकर में भाजपा का बहुमत होने के बावजूद कांग्रेस के पार्षद अतुल शर्मा ने 10 वोट प्राप्त कर उपाध्यक्ष पद पर जीत दर्ज करने में कामयाब हुए और भाजपा प्रत्याशी रविशंकर स्वर्णकार को मात्र 6 मत प्राप्त हुए। जबकि देवकर नगर पंचायत में चुनकर आए पार्षदों की स्थिति देखा जाए तो भाजपा पार्टी से 8 पार्षद, कांग्रेस पार्टी से 6 पार्षद और 1 निर्दलीय पार्षद चुनकर आए। बताया जा रहा है कि भाजपा के तीन पार्षदों ने क्रास वोटिंग की है।

विदित हो कि नगर पंचायत में जहां कुछ दिनों पूर्व नगरी निकाय चुनाव सम्पन्न हुआ था जिसमें स्वतंत्र प्रत्याशी व युवा चेहरे सुरेश सिहोरे ने दोनों राष्ट्रीय पार्टी भाजपा और कांग्रेस को जोरदार तरीके से पटखनी देकर विजय प्राप्त की थी । गौरतलब हो कि शनिवार 8 मार्च को नगर पंचायत के लिए उपाध्यक्ष पद को लेकर चुनावी प्रक्रिया की गई जिसमें भाजपा निश्चिंत थी कि 8 पार्षद का बहुमत होने से उपाध्यक्ष उन्हें का उम्मीदवार बनेगा। लेकिन उनके पार्षदों की क्रास वोटिंग के कारण बहुत बड़ा खेला हो गया। जब उपाध्यक्ष पद के नगर पंचायत परिसर में चुनाव सम्पन्न हुआ तो भाजपा पार्टी से वार्ड नंबर 5 के पार्षद रविशंकर स्वर्णकार और कांग्रेस पार्टी से अतुल शर्मा ने नामांकन दाखिल किया। मतदान के बाद वोटों की गिनती में आश्चर्य जनक परिणाम देखने को मिला। कांग्रेस पार्टी के अतुल शर्मा को कुल 10 और भाजपा के रविशंकर स्वर्णकार को महज 6 मत प्राप्त हुए। खास बात यह रही कि इस मतदान में अध्यक्ष सुरेश सिहोरे ने भी मतदान किया, जिसे मिला कर 16 मत हुए। इस तरह भाजपा पार्टी के पास पार्षदों की बहुमत संख्या होने के बाद भी तीन पार्षदों ने क्रास वोटिंग कर कांग्रेस पार्टी को अपना मतदान कर उपाध्यक्ष पद पर अतुल शर्मा को जीत दिलाई।

### क्षेत्र की 5 में से 4 नगर पंचायत पर भाजपा का कब्जा

बता दें कि नगरीय निकायों व त्रिस्तरी पंचायत चुनाव में साजा विधान सभा में कांग्रेस का प्रदर्शन कमजोर रहा है। क्षेत्र की 5 नगर पंचायत में से 4 पर भाजपा ने अपना कब्जा जमाया है। मात्र देवकर नगर पंचायत में अध्यक्ष पद पर स्वतंत्र प्रत्याशी जीत दर्ज की है, वे भी भाजपा के समर्थन में नजर आ रहे हैं। बहरहाल उपाध्याय से देवकर क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओं में संजीवनी जहां मिली। वहीं, एक ओर भाजपा पार्टी में मायूसी और घोर निराशा का माहौल है कि आखिर ऐसा क्यों हुआ यह भाजपा पार्टी के लिए मंथन और चिंतन का विषय है।

### जीत पर कांग्रेस ने मनाया जश्न, पूर्व मंत्री चौबे पहुंचे

देवकर नगर पंचायत में कांग्रेस पार्षद अतुल शर्मा के उपाध्यक्ष निर्वाचित होने से कांग्रेस ने जमकर जश्न मनाया। वहीं, पूर्व कैबिनेट मंत्री रविन्द्र चौबे देवकर पहुंच कर उपाध्यक्ष अतुल शर्मा को जीत की बधाई दी। वहीं, जीत पर कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों में भारी जोश नजर आया और सभी लोगों ने अतुल शर्मा को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।


## पाठक सूचना

बेमेतरा जिले में **हरिभूमि** समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319154342, 8224868411


### सिंघौरी विद्यालय में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस




**बेमेतरा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सिंघौरी में 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर शिक्षिकाओं की पूजा-अर्चना कर तिलक गिया गया। लायंस अध्यक्ष रामेश्वरी साहू, संस्था प्रमुख मीनाक्षी शर्मा द्वारा स्कूली बच्चों को रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा के तहत कराटे सिखाने वाली ट्रेनर नेहा वर्मा (ब्लैक बेल्ट)और उनकी माता रानू वर्मा का गोल्ड मेडल, श्रीफल एवं उपहार देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामनायें की। इस दौरान शाला में सरस्वती साहू,आगेश्वरी साहू,राजेश्वरी ठाकुर, देवेंद्र साहू, नुतेश्वर चन्द्राकर, प्रशांत बघेल एवं साजन वर्मा उपस्थित रहे।




## खबर संक्षेप

### बिजली कर्मियों की हड़ताल अवैध घोषित

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी के मुख्य अभियंता (मानव संसाधन) एएम परियल ने बताया, श्रम न्यायालय रायपुर ने बिजली कर्मियों के संगठन छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल आरक्षित वर्ग अधिकारी-कर्मचारी संघ की 10 मार्च को प्रस्तावित एक दिवसीय हड़ताल को अवैध घोषित कर दिया है। श्रम न्यायालय एक रायपुर, विभा पांडेय की कोर्ट में संघ के 10 मार्च के एक दिवसीय सामूहिक अवकाश व विरोध प्रदर्शन तथा 17 मार्च से क्षेत्रीय व मुख्यालय स्तर पर अनिश्चितकालीन सामूहिक धरना प्रदर्शन पर स्थगन देने की अपील की गई थी। पॉवर कंपनी ने छत्तीसगढ़ औद्योगिक विवाद अधिनियम 1947 की धारा 10 (4) के अंतर्गत वाद प्रस्तुत किया, जिसमें बताया गया कि प्रस्तावित हड़ताल से विद्युत आपूर्ति बाधित होगी तथा सामान्य जनजीवन प्रभावित होगा और जनसामान्य को समस्याओं से जूझना पड़ेगा।

### अंतर्चिकित्सा महाविद्यालय युवा समारोह प्रारंभ

**रायपुर।** श्री बालाजी मेडिकल कॉलेज द्वारा पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वा. विज्ञान विश्वविद्यालय के तत्वावधान में प्रथम अंतर्चिकित्सा महाविद्यालयीन दो दिवसीय युवा समारोह की शुरुआत शुक्रवार को हुई। आयोजन 7 एवं 8 मार्च को किया गया है। इसमें स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय से संबंधित 16 चिकित्सा महाविद्यालय के लगभग 300 विद्यार्थी हिस्सा ले रहे हैं। विश्वविद्यालय के इस युवा समारोह में वाद-विवाद तात्कालिक भाषण, रंगोली, पेंटिंग, गायन एकल एवं युगल नृत्य के अलावा लघुनाटक प्रतियोगिता होगी। उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि कुलपति आयुष डॉ. पीके पात्रा, विशिष्ट अतिथि सीएमई किरण कौशल रहीं। शनिवार को पुरस्कार वितरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डीन एसबीआईएमएस डॉ. विष्णु दत्त होंगे।

### बस्तर जिले को नीति आयोग ने दिया 3 करोड़ रुपए का पुरस्कार

**रायपुर।** बस्तर जिले ने शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार, शिक्षण को अधिक रोचक और प्रभावी बनाने, नवीन शैक्षणिक तकनीकों के सफल क्रियान्वयन और शिक्षक-छात्र संबंधों को मजबूत करने में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए नीति आयोग ने बस्तर जिले को 3 करोड़ रुपये के पुरस्कार से सम्मानित किया है। महत्वपूर्ण उपलब्धि पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बधाई देते हुए कहा, बस्तर जिले के विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और हमारी सरकार की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व्यवस्था के प्रति प्रतिबद्धता ने जिले को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। यह सम्मान पूरे प्रदेश के लिए प्रेरणादायक है। मुख्यमंत्री ने कहा, यह पुरस्कार आकांक्षी जिलों में बुनियादी शिक्षा के सुदृढ़ीकरण और शिक्षा की समावेशी एवं नवाचारयुक्त नीति को आगे बढ़ाने के लिए राज्य सरकार के प्रयासों की सफलता का प्रमाण है। मुख्यमंत्री ने कहा, यह उपलब्धि प्रदेश में संपूर्ण शिक्षा तंत्र को और अधिक सशक्त बनाने तथा बस्तर में बौद्धिक और शैक्षणिक विकास को नया आयाम देने के लिए राज्य सरकार को और अधिक प्रेरित करेगी। शिक्षा के क्षेत्र में यह उपलब्धि न केवल बस्तर जिले, बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ के लिए मील का पत्थर साबित होगी।

### महात्मा गांधी मार्ग व्यापारी विकास संघ के जादवानी फिर अध्यक्ष

**रायपुर।** जवाहर नगर स्थित श्री अग्रसेन भवन में महात्मा गांधी मार्ग व्यापारी विकास संघ की आमसभा का आयोजन राष्ट्रगान के साथ शुरू हुआ। तत्पश्चात कोषाध्यक्ष अशोक छाबड़ा ने आय-व्यय का विस्तृत विवरण दिया, जिसे सदन ने करतल ध्वनि से अनुमोदित किया। तत्पश्चात अध्यक्ष संजय जादवानी ने अपने कार्यकाल में किए गए विशिष्ट कार्यों का विवरण देते हुए संस्था के बारे में बताया। अध्यक्ष ने अपनी कार्यकारिणी भंग होने की घोषणा की एवं चुनाव अधिकारी द्वय विक्रम सिंह देव एवं घनश्याम पोद्दार को सभा के संचालन एवं चुनाव की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने आमंत्रित किया। चुनाव अधिकारी ने बताया कि उन्हें निर्धारित समय तक कोई भी आवेदन अध्यक्ष पद के लिए नहीं मिला है, अतः उपस्थित व्यापारी सदस्यों से ही उन्होंने सदस्य अध्यक्ष पद के लिए नाम आमंत्रित किया।

# हाईकोर्ट का आदेश, एमडी-एमएस में दो डॉक्टरों का प्रवेश निरस्त

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

खास खबर

बांडेड ड्यूटी के बदले मिले बोनस के गलत आवंटन के मामले में हाईकोर्ट के फैसले के बाद दो डाक्टरों का प्रवेश निरस्त कर दिया गया है। दस्तावेजों की पुनः जांच के बाद इन्हें मिलाकर कुल पांच लोगों का बोनस अंक कम होने पर श्रेणी में बदलाव किया गया। नौ डाक्टरों ने बोनस अंक के लिए अधूरे दस्तावेज जमा किए थे, जिन्हें सेवारत श्रेणी से हटाकर नई मेरिट लिस्ट जारी की गई है।

चिकित्सा शिक्षा विभाग इस बार मेडिकल कालेज के एमडी-एमएमस की सीटों में प्रवेश के लिए शानदार छह माह से काउंसिलिंग करवा रहा है। स्ट्रे राउंड के पहले शासकीय सेवा के बदले डाक्टरों को मिलने वाले बोनस अंक आवंटन पर आपत्ति का मामला कोर्ट तक पहुंचा। सुनवाई के बाद हाईकोर्ट द्वारा बोनस अंक आवंटन की जांच कर काउंसिलिंग कराने का निर्देश दिया गया था। जांच के बाद जिन दो छात्र भावेश पटेल और राकेश साहू के खिलाफ याचिका लगाई गई थी, उनका सिम्स बिलासपुर और रिम्स (प्राइवेट) कालेज का प्रवेश निरस्त कर दिया गया है।

इनके अलावा अन्य लोगों के दस्तावेजों की जांच की गई, तो इन दोनों के अलावा चंद्रशेखर वर्मा, धनेश्वरी और पुष्पेन्द्र साहू के बोनस अंक बदलने से श्रेणी में बदलाव किया गया। साथ ही नौ छात्र ऐसे थे जिन्हें अधूरे दस्तावेज के आधार पर यह अंक प्रदान कर दिया गया था। जांच में पाया गया कि उन्हें स्वास्थ्य संचालनालय की ओर से सर्टिफिकेट जारी नहीं किया गया था। इन-सर्विस कैटेगरी से उन्हें हटाकर सामान्य सूची में शामिल करते हुए पुनः नई मेरिट लिस्ट जारी की गई है।

## दस्तावेज अधूरे, नौ अन्य डाक्टरों इन सर्विस श्रेणी से हटाए गए, नयी मेरिट लिस्ट जारी

### बोनस अंक के लाभ से चूके

सूत्रों के अनुसार बोनस अंक प्राप्त करने के लिए सेवा देने वाले डाक्टरों को सीएमएचओ और डीएचएस स्तर पर प्रमाण पत्र जारी किया जाता है। जिन नौ विद्यार्थियों को स्वास्थ्य संचालनालय का सर्टिफिकेट विलंब से मिला, उन्होंने जिला स्तर पर जारी प्रमाणपत्र को आवेदन में जमा किया था। जांच के दौरान उसे अमान्य करार देते हुए बोनस अंक का लाभ नहीं दिया गया।



■ बोनस अंक आधार पर पांच की श्रेणी परिवर्तित

### स्ट्रे राउंड में 98 सीट

स्ट्रे राउंड में शासकीय और निजी मेडिकल कालेज की 98 सीटों को शामिल किया गया है। इसके लिए शनिवार तक च्वाइस फीलिंग, 9 मार्च को सीट आवंटन और 10 से 12 मार्च तक स्क्रूटनी और एडमिशन की प्रक्रिया पूरी होगी। संशोधित समय सारिणी में स्पेशल स्ट्रे वैकेंसी राउंड की प्रक्रिया 20 मार्च तक पूरी की जाएगी।

## डॉयल-112 सेवा को फायर ब्रिगेड सेवा से जोड़ने की तैयारी

# डॉयल-112 सेवा सभी जिलों में शुरू करने की तैयारी, संचालित करने नए सिरे से एजेंसी की तलाश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

राज्य में 11 पुराने जिलों सहित नए पांच जिलों में वर्तमान में डॉयल-112 की सेवा संचालित की जा रही है। डॉयल-112 सेवा का अब नए सिरे से टेंडर जारी करने की तैयारी की जा रही है। यह प्रक्रिया विधानसभा सत्र के बाद शुरू किए जाने की संभावना है। डॉयल-112 को और कैसे बेहतर बनाया जा सकता है, इसके लिए दो दिन पूर्व राज्य के नए पुलिस महानिदेशक अरुण देव गौतम ने डॉयल-112 मुख्यालय पहुंचकर सिस्टम की जानकारी ली।

वर्तमान में डॉयल-112 सेवा का संचालन टाटा ग्रुप कर रहा है। टाटा ग्रुप का कार्यकाल दो वर्ष पूर्व अगस्त में पूरा हो चुका है। सेवा संचालित करने अब तक किसी नए ग्रुप को जिम्मेदारी नहीं दी गई है। इसके कारण डॉयल-112 सेवा का संचालन टाटा ग्रुप ही कर रहा है। सेवा में लगे ज्यादातर वाहन जर्जर हालत में हैं। नई कंपनी के आने के बाद डॉयल-112 सेवा की सूरत बदलने की उम्मीद है। नए ग्रुप के आने के बाद महेंद्रा ग्रुप की गाड़ियों के माध्यम से सेवा का संचालन किया जाएगा।

### सभी 33 जिलों में सेवा संचालन

वर्तमान में डॉयल-112 सेवा 11 पुराने जिले रायपुर, महासमुंद, दुर्ग, कोरबा, रायगढ़, जांजगीर-चांपा, बस्तर, सरगुजा, बिलासपुर, कबीरधाम, राजनांदगांव के अलावा रायपुर से अलग कर बलौदाबाजार, रायगढ़ से काटकर बनाए गए सारंगढ़-बिलाईगढ़, बिलासपुर से काटकर बनाए गए गौरेला-पेंड्रा- मरवाही तथा राजनांगांव से काटकर बनाए गए मोहला मानपुर, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले में संचालित हो रही है। इसका विस्तार सभी 33 जिलों में करने की योजना है।

## सिस्टम को और हाईटेक करने की तैयारी



फाइल फोटो

### नए सिरे से टेंडर जारी करने की तैयारी

टाटा ग्रुप का सेवाकाल समाप्त होने के बाद एक वर्ष पूर्व मुंबई के जिकित्जा ग्रुप को सेवा संचालित करने टेंडर दिए जाने की प्रक्रिया चल रही थी। कंपनी के विवादित होने के बाद जिकित्जा को सेवा संचालित करने टेंडर नहीं दिया गया। अफसरों के अनुसार विधानसभा सत्र की समाप्ति के बाद डॉयल-112 सेवा देने नए सिरे से टेंडर जारी करने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

### सिस्टम को अपडेट करने दिए निर्देश

डॉयल-112 आवश्यक सेवा में शामिल हो गई है। इस बात को ध्यान में रखते हुए डीजीपी अरुण देव गौतम ने सिस्टम को और अपडेट करने निर्देश दिए हैं। वर्तमान में संबंधित जगह रवाना की गई गाड़ी की मॉनिटरिंग फोन के माध्यम से मुख्यालय से होती थी। इसे अपडेट करते हुए डॉयल-112 सेवा से जुड़े अफसर अपने मोबाइल से गाड़ियों की मॉनिटरिंग कर सकें, सिस्टम को इस तरह से विकसित करने डीजीपी ने निर्देश दिए हैं।

### अग्निशमन को सिस्टम से जोड़ने की तैयारी

राज्य के सभी जिलों में संचालित अग्निशमन सेवा को सिस्टम से जोड़ने की तैयारी की जा रही है। वर्तमान में किसी जगह आग लगने की घटना की जानकारी डॉयल-112 को मिलती है, तो डॉयल-112 फायर ब्रिगेड को कॉल कर इसकी जानकारी देती है। अग्निशमन सेवा डॉयल-112 से जुड़ जाएगी, तो कहीं भी आगजनी की घटना होगी, तो इसकी जानकारी डॉयल-112 को मिलेगी। इसके साथ ही जरूरत पड़ने पर अग्निशमन सेवा को जरूरी मदद पहुंचाने का काम डॉयल-112 सेवा के माध्यम से किया जाएगा।

## स्वास्थ्य पर महिलाएं ज्यादा गंभीर

# रोजाना बन रहे औसतन एक लाख आयुष्मान कार्ड



■ अब तक 1.20 करोड़ बन चुके योजना के हितग्राही

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

स्वास्थ्य के मामले में पुरुषों की तुलना में महिलाएं ज्यादा गंभीर हैं। राज्य में रोजाना औसतन एक लाख आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे हैं। योजना की शुरुआत से लेकर अब तक 1.20 करोड़ महिलाएं इस योजना की हितग्राही बन चुकी हैं। कार्ड बनाने की सुविधा सरकारी एवं निजी अस्पतालों के साथ च्वाइस सेंटर में भी है।

13 दिसंबर को विष्णु देव साय की सरकार ने शपथ ली थी और तब से लेकर अब तक राज्य में 15 लाख 31 हजार 857 महिलाओं के आयुष्मान कार्ड बनाने का काम पूरा हो चुका है। महिलाओं को इस स्वास्थ्य योजना से जोड़ने के लिए निरंतर प्रयास किया जा रहा है। सरकारी और निजी अस्पतालों के अलावा महिलाओं की सुविधा का ध्यान रखते हुए कार्ड बनाने की सुविधा च्वाइस सेंटर में भी दी जा रही है, ताकि उन्हें व्यर्थ इधर-उधर भटकना नहीं पड़े। इसके अलावा लोगों को ऑनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से भी कार्ड बनाने की सुविधा दी जा रही है। योजना के प्रारम्भ से अब तक 1 करोड़ 20 लाख 65 हजार 107 महिलाओं का आयुष्मान कार्ड बन चुका है। प्रदेश सरकार ने महिलाओं को राशन कार्ड में परिवार का मुखिया बनाए जाने की नीति को इस योजना से भी जोड़ा है, जिससे आयुष्मान कार्ड पंजीयन को और अधिक प्रभावी बनाया गया है।

राज्य के 33 जिलों में राशन कार्डधारी परिवारों की महिलाओं के आयुष्मान कार्ड पंजीयन का कार्य युद्धस्तर पर चल रहा है।

# पांच और जिला पंचायतों में भाजपा के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष जीते

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

■ अब तक 23 जिलों में कब्जा

जिला पंचायतों में भाजपा के दावे के मुताबिक लगातार उसको जीत मिलती जा रही है। शुक्रवार को पांच जिला पंचायतों में हुए चुनाव में भाजपा के अध्यक्ष के साथ उपाध्यक्ष भी जीते। इसी के साथ तीन दिनों में भाजपा ने अब तक 23 जिला पंचायतों में कब्जा कर लिया है। भाजपा के पंचायत चुनाव के प्रभारी सौरभ सिंह का कहना है, भाजपा को 31 जिलों में स्पष्ट बहुमत है। इन सभी में भाजपा के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष बनेंगे। दो जिलों रायपुर और सुकमा में बराबरी का मुकाबला है। यहां भी भाजपा के ही अध्यक्ष बनने की संभावना है।

पंचायत चुनावों के बाद 5 मार्च से लगातार जिला पंचायतों में चुनाव हो रहे हैं। पहले दिन 16 जिलों में चुनाव हुए तो इन सभी में भाजपा के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष जीते। इसके बाद दूसरे दिन दो जिलों महासमुंद और रायगढ़ में चुनाव होने पर यहां भी भाजपा के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष जीते।



### इन पांच जिलों में भी जीते

शुक्रवार को पांच जिला पंचायतों में हुए चुनाव में भी भाजपा के प्रत्याशी जीते। सरगुजा में अनुसूचित जनजाति मुक्त में भाजपा की महिला प्रत्याशी निरूपा सिंह अध्यक्ष बनी। उपाध्यक्ष के पद पर देव नारायण यादव जीते। गौरेला-पेंड्रा-मरवाही में समीरा पैकरा अध्यक्ष और अजीत उपेंद्र बहादुर उपाध्यक्ष बने। धमतरी में अरुण कुमार सार्वा अध्यक्ष और गोकरण साहू उपाध्यक्ष का चुनाव जीते। राजनांदगांव में अनारक्षित महिला सीट पर किरण रविंद्र वैष्णव अध्यक्ष और किरण अमर साहू उपाध्यक्ष बनीं। पांचवें जिले कोंडागांव में अनुसूचित जनजाति महिला सीट पर रीता शोरी अध्यक्ष और हीरा सिंह नेताम उपाध्यक्ष बने।

# निगम और जोन की कार्यप्रणाली से अवगत हो रहे निर्वाचित पार्षद जोन कमिश्नर के साथ बैठक

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

निकाय चुनाव में विभिन्न वार्डों से चुनाव जीतकर पार्षद बने नवनिर्वाचित पार्षदों को निगम के कार्यकलाप से अवगत कराने और जोन की कार्यप्रणाली की जानकारी देने बैठक आयोजित की जा रही है। अलग-अलग जोन में जोन कमिश्नर निर्वाचित पार्षदों के साथ बैठक आयोजित कर उन्हें अपने जोन की गतिविधियों से अवगत करा रहे हैं। महापौर मीनल चौबे के निर्देश पर नये पार्षदों के साथ परिचय का यह सिलसिला जोनवार चल रहा है।

इसी कड़ी में मोहबा बाजार स्थित जोन 8 कार्यालय में जोन कमिश्नर एके हालदार ने निर्वाचित वार्ड पार्षदों को जोन कार्यालय आमंत्रित कर उनके साथ परिचय कराने बैठक की। बैठक में वीर सावरकर वार्ड पार्षद संदीप साहू, जवाहरलाल नेहरू वार्ड पार्षद भगत राम हरवंश, डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम वार्ड पार्षद प्रीतम सिंह, रामकृष्ण परमहंस वार्ड पार्षद अमन सिंह ठाकुर, शहीद भगत सिंह वार्ड पार्षद गायत्री चंद्राकर, माधवराव सप्रे वार्ड पार्षद महेन्द्र औसर, संत रविदास वार्ड पार्षद अर्जुन यादव शामिल रहे। जोन 8 जोन कमिश्नर ने नवनिर्वाचित पार्षदों से स्वच्छता सर्वेक्षण में सहयोग देने की अपील की। साथ ही वार्डों में सफाई, पेयजल, स्ट्रीट लाइट प्रबंधन की स्थिति पर जानकारी लेकर चर्चा की।

इसी तरह जोन 3 में जोन कमिश्नर विवेकानंद दुबे, जोन 7 में जोन कमिश्नर रमाकांत साहू ने जोन कार्यालय में वार्ड पार्षदों को आमंत्रित कर परिचयात्मक बैठक की। इस दौरान जोन की प्रशासनिक कार्यप्रणाली से अवगत कराया गया। साथ ही निर्वाचित पार्षदों को जोन में पदस्थ निगम अधिकारियों के मोबाइल संपर्क नंबर दिये।



■ महापौर के निर्देश पर जोनवार चल रहा बैठक का सिलसिला


# रीयल एस्टेट में योजनाओं की रफ्तार धीमी दो माह में 18 योजनाओं का ही रेरा में पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

■ पहली बार 2022 में रिकॉर्डतोड़ 273 नई योजनाएं हुई थीं लांच
■ बीते साल 161 नई योजनाएं हुईं थीं लांच

हरिभूमि सरोकार

रियल एस्टेट में अभी मंदी का दौर चल रहा है। नए साल में नई योजनाओं की रफ्तार काफी धीमी है। दो माह में महज 18 नई योजनाओं का रेरा में पंजीयन हुआ है। जनवरी में जहां 11 नई योजनाएं आई हैं, वहीं फरवरी में महज सात योजनाओं का ही पंजीयन हुआ है। बीते साल 161 योजनाओं का पंजीयन हुआ था। 2023 में सबसे मंदी रही है, क्योंकि 137 नई योजनाओं ही आईं, जबकि 2022 में रिकॉर्डतोड़ 273 योजना लांच हुई थीं। इधर जो नई योजनाएं आ रही हैं, उसमें देखने वाली बात यह है कि ज्यादातर योजनाओं में जो घर बन रहे हैं, उनमें महंगे घरों पर ज्यादा फोकस है। पूरे देश में उच्च वर्ग की खरीदारी में इजाफा हुआ है। इसी के साथ गरीब तबका भी खरीदारी के मामले में आगे है। मध्य वर्ग की खरीदारी कम हुई है। अब यह वर्ग सोच समझकर ही खर्च कर रहा है। सबसे ज्यादा पैसे खर्च करने वाला उच्च वर्ग ही है। यही वजह है कि अब रियल एस्टेट में भी इसी वर्ग को ध्यान में रखकर ज्यादातर घर बन रहे हैं। 2021 में कोरोना के बाद रियल एस्टेट में त्योहारी सीजन में बहुत घर बिके। करीब छह सौ करोड़ का कारोबार हुआ है। इस कारोबार की रफ्तार ने पहले ही अहसास करा दिया था कि आने वाला साल रियल एस्टेट के लिए बड़ा अच्छा साल होने वाला है। यह 2022 में देखने को भी मिला। इस साल बड़ा कारोबार हुआ। साल भर में हजार करोड़ से ज्यादा के मकान बिके।



### 2022 में बना रिकॉर्ड

रियल एस्टेट से जुड़ी हर योजना को अब रेरा से मंजूरी लेनी पड़ती है। चाहे वह सरकारी योजना हो या फिर निजी योजना उनको रेरा में पंजीयन के बिना प्रारंभ नहीं किया जा सकता है। रेरा में जब फरवरी 2018 से पंजीयन प्रारंभ हुआ तो यही साल ऐसा रहा, जिसमें रिकॉर्डतोड़ 897 योजनाओं का पंजीयन हुआ। ऐसा इसलिए हुआ, क्योंकि हर बिल्डर को अपनी पुरानी योजनाओं का भी पंजीयन कराना जरूरी था। दूसरे साल पुरानी और नई योजनाओं को मिलाकर 192 योजनाएं मंजूर हुईं। 2020 में कोरोना काल होने के बाद भी 100 नई योजनाओं का पंजीयन रेरा में हुआ। 2021 में पिछला रिकॉर्ड टूटा और 136 नई योजनाओं का पंजीयन हुआ। 2022 में योजनाओं की बाढ़ आई। इस साल 273 नई योजनाएं आईं। इसके बाद 2023 में योजनाओं की रफ्तार धीमी हो गई साल भर में महज 137 योजनाओं आईं। बीते साल योजनाओं की रफ्तार में कुछ इजाफा हुआ और साल भर में 161 नई योजनाएं आईं।

# बाइसन की मौत के जिम्मेदार डॉक्टर के खिलाफ विधानसभा अध्यक्ष ने दिए थे कार्रवाई के आदेश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

गुरु घासीदास नेशनल पार्क में ट्रांसलोकेट कर शिफ्ट किए जा रहे बायसन की एक्सपायरी मेडिसिन के डॉट लगाने से मौत की घटना के बाद लापरवाह डॉक्टर को संरक्षण देने के वन्यजीव प्रेमी आरोप लगा रहे हैं।

वन्यजीव प्रेमियों ने आरोप लगाया है कि जंगल सफारी में चौसिंगा की मौत के लिए जिम्मेदार डॉक्टर के खिलाफ विधानसभा अध्यक्ष ने कार्रवाई करने के आदेश दिए थे। बावजूद विभागीय अफसरों ने दोषी डॉक्टर के खिलाफ ठोस कार्रवाई करने के बजाय उसे बारनवापारा शिफ्ट कर दिया। बाद में उसे पुनः वापस जंगल सफारी बुला लिया। इसके चलते हाल के दिनों में जंगल सफारी में साही की मौत होने के साथ नागालैड से ला रहे हिमालयन भालू की मौत हुई है। बारनवापारा से गुरु घासीदास नेशनल पार्क शिफ्ट किए जा रहे सब एडल्ट मादा बायसन को ट्रैंक्यूलाइज करने के बाद होश में लाने जो डॉट लगाया गया था, वह कालातीत हो गया था। कालातीत डॉट लगाने की वजह से बायसन को होश नहीं आया और लंबे समय तक बेहोशी की हालत में होने की वजह से बायसन की हार्ट अटैक से मौत हो गई। बायसन की मौत एक्सपायरी दवा से होने की बात की पुष्टि होने के बाद वन अफसरों ने आनन-फानन में डॉक्टर से सारे अधिकार छीन लिए और उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। वन्यजीव प्रेमियों के अनुसार इस मामले में डॉक्टर के खिलाफ तत्काल पीओआर दर्ज कर उनके निलंबन की कार्रवाई होनी चाहिए थी, लेकिन अफसरों ने ऐसा नहीं किया।

### अब तक जमा नहीं किया सरकारी वाहन

बायसन की मौत की घटना होने के बाद सीसीएफ वाइल्ड लाइफ ने डॉक्टर के सभी अधिकार वापस लेते हुए उन्हें तत्काल सरकारी वाहन जमा करने निर्देश दिए। अफसर के निर्देश के बाद भी डॉक्टर ने अब तक सरकारी वाहन विभाग के पास जमा नहीं किया है। इस संबध में जंगल सफारी के डायरेक्टर धमशील गणवीर का कहना है कि डॉक्टर आज सरकारी गाड़ी जमा करेंगे।

### अब तक नहीं मिली अभियोजन स्वीकृति

जिस डॉक्टर की लापरवाही से बायसन की मौत के आरोप लग रहे हैं, वह डॉक्टर पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग से प्रतिनियुक्ति पर जंगल सफारी में आए हैं। उक्त डॉक्टर के खिलाफ ईओडब्लू में आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने का मामला दर्ज है। ईओडब्लू विभाग को अभियोजन स्वीकृति देने पूर्व में पत्र भी लिख चुका है। बावजूद इसके विभाग ने अब तक अभियोजन स्वीकृति की अनुमति नहीं दी है।

### अपराध दर्ज करने अफसर पूर्व में कर चुके हैं अनुसंशा

जंगल सफारी में वसुंधरा नामक शेरनी को एक साल में दो बार गर्भधारण कराने का डॉक्टर पर आरोप लग चुका है। आरोप की पुष्टि होने के बाद डॉक्टर पर सरकारी दस्तावेजों में सफेदा लगाकर छेड़खानी करने का आरोप है। सरकारी दस्तावेज में छेड़खानी करने के आरोपी डॉक्टर के खिलाफ तत्कालीन जंगल सफारी डायरेक्टर एम. मर्सिबेला ने एफआईआर दर्ज करने की अनुसंशा की थी। बावजूद इसके वन अफसरों ने डॉक्टर के खिलाफ किसी तरह की कोई कार्रवाई नहीं की। घटना सात से आठ साल पूर्व की है।

### रायपुर में होंगे ग्रीन आर्मी के 25 जोन

**रायपुर।** पर्यावरण संरक्षण के लिए अग्रणी संस्था ग्रीन आर्मी का शपथ ग्रहण वीआईपी रोड श्री राम मंदिर कांफ्रेंस हॉल में हुआ। प्रदेश मीडिया प्रभारी शशिकांत यदु ने बताया कि संस्था पर्यावरण प्रेमियों को जोड़ते हुए अब वर्ष 2025 में 25 जोन बनाकर कार्य करेगी। शपथ ग्रहण के अवसर पर लगभग 100 से अधिक पर्यावरण प्रेमी उपस्थित रहे, जिनका स्वागत अभिनंदन रायपुर जिला अध्यक्ष गुरदीप टुटेजा ने किया।

## पेज 9 के शेष

### नेशनल लोक अदालत में ...

प्रकरण का निराकरण कर कुल 2,01,01,340 रूपये का अवार्ड पारित कर जिले में रिकॉर्ड अनुसार 2,38,34,086 रूपये के मामलों का निराकरण किया गया, जहां आपसी सहमति से सुनवाई के बाद पक्षकारों को बीमा, विद्युत व बैंक विवाद और अन्य प्रकरणों में कुल 10,00,000 लाख रूपए की मुआवजा राशि वितरित की गई ।

### मोटर दुर्घटना में ...

से मारपीट का विवाद था, जिसे भी न्यायाधीश द्वारा रिश्तों की अहमियत को बताते हुए समझाइश दिये जाने पर बेटा ने अपने पिता से माफी मांगी और आपसी राजीनामा करवाया गया।

### न्यायालय परिसर से ....

व सप्तपदी के सात वचनों की प्रति देकर शुभकामनाएं दी गई एवं मिठाई खिलाकर विदा किया गया। दम्पत्तियों ने एक दूसरे को माला भी पहनाई। परिवार न्यायालय के इस भावुक पल के साक्षी अधिवक्तागण व न्यायालय के स्टाफ बने। नीलिमा सिंह बघेल द्वारा दम्पत्तियों को पारिवारि जीवन की महत्ता बताते हुए नेशनल लोक अदालत में राजीनामा करने के लिए बधाई व धन्यवाद दिया गया। सभी 18 परिवार खुशी-खुशी न्यायालय परिसर से विदा हुए।

## खबर संक्षेप

### समाज में महिलाओं की भूमिका आज भी चिंतनीय : बसंती



**डौण्डीलोहारा।** अन्तरराष्ट्रीय महिला दिवस पर विशेष बातचीत में बसंती पिकेश्वर सहायक शिक्षक व उपाध्यक्ष अखिल भारतीय हल्बा आदिवासी समाज कर्मचारी प्रकोष्ठ ने विचार साझा करते हुए कहा कि हमारे समाज में जन्म से लेकर मृत्यु तक महिलाओं की अहम भूमिका होती है। अपनी सभी महिलाओं में निपुणता दिखाने के बावजूद आज के आधुनिक युग में महिलाएं पुरुषों से पीछे खड़ी नजर आती है। पुरुष प्रधान समाज में महिला की योग्यता को पुरुष से कमतर आंका जाता है। आज भी लोगों को अपनी सोच बदलने की जरूरत है। सरकार द्वारा अनेक जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाने के बावजूद महिलाओं का जीवन पुरुषों की तुलना में काफी जटिल हो गया है। अगर हम आज की महिलाओं की स्थिति की तुलना पौराणिक समाज की स्थिति से करें तो साफ नजर आता है कि स्थिति में कुछ सुधार हुआ है। महिलाएं काम करने लगी है। घर के ख़र्च में हाथ बटाने लगी हैं। कई क्षेत्रों में तो महिलाएं पुरुषों से आगे निकल गई हैं। दिन प्रतिदिन लड़कियां ऐसे कीर्तिमान बना रही है जिन पर न सिर्फ परिवार या समाज बल्कि पूरा देश गर्व महसूस कर रहा है। सरकार भी महिलाओं की उत्थान के लिए काम कर रही है।

### हमारे देश में महिलाओं का इतिहास दिव्य रहा है : पं प्रमोद कृष्ण दास


**अंडा।** श्री विष्णु धाम महायज्ञ ओटेबंद मेला में श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में वृंदावन से आए कथा व्यास प्रमोद कृष्ण दास ने भगवान श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन कर सभी श्रोताओं को आनंदमग्न कर दिया। शनिवार की कथा के दौरान उन्होंने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के संदर्भ में कहा कि सनातन धर्म में केवल एक दिन नहीं, अपितु पूरा वर्ष महिलाओं को ही समर्पित होता है। उन्होंने कहा कि हमारे यहां स्त्रियों को देवी माना जाता है। सनातनी महिलाओं के त्याग और बलिदान को वर्ष में एक दिन जस्टिफाई कर ही नहीं किया जा सकता। हमारे देश में महिलाओं का इतिहास बहुत ही दिव्य रहा है। सनातन धर्म में माता बहनों को कभी हीन भाव से देखा ही नहीं गया। अपितु हमारे यहां स्त्रियां राज का संभालती थीं। बड़े-बड़े युद्ध में महिलाओं ने अपना परचम फहराया है। जहां एक तरफ माता अनसूया का विवरण आता है, जिन्होंने त्रिदेवों को शिशु बना दिया। वहीं, दूसरी तरफ गार्गी जैसी स्त्रियों का भी वर्णन मिलता है, जिन्होंने वेद वेदांतों के ज्ञान में बड़े-बड़े विद्वानों को पछाड़ दिया। रानी लक्ष्मीबाई, रानी अहिल्याबाई होल्कर जैसी महिलाओं ने अपनी वीरता का परचम लहराया। वहीं, मीराबाई, कर्मा माता ने भक्ति के पथ पर चलकर भगवान को पा लिया।

### ग्राम पंचायत तिरगा के निर्विरोध उपसरपंच चुने गए सुखितराम

**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण जनपद पंचायत विकासखण्ड के ग्राम पंचायत तिरगा का उपसरपंच सभी की सहमति से सुखितराम ढीमर को बनाया गया। पंचगण गोवर्धन ढीमर, जानकी देशमुख, शिवप्रसाद देशमुख, टिकेश्वर दिल्लीवार, डिलेश्वरी देशमुख, रेखा ठाकुर, खेमिन देशमुख, कंचन देशमुख, गीता देशमुख, अनिता बेलचंदन, हठियारिन ठाकुर, तेजराम यादव, चंदूलाल यादव, लता देशमुख, कविता ऋषि, जमुना निषाद, कुलेश्वरी देशमुख और सरपंच व पंचों ने अपने पद का निर्वहन सत्य निष्ठा के साथ बिना किसी भेदभाव के गांव को एकजुट लेकर चलाने ग्राम स्वराज की परिकल्पना को साकार करने, शासन के दिशा निर्देशों का पालन कर अपने ग्राम पंचायत में शांति सद्भावना व भाईचारा के भावना लोगों में स्थापित हो इस अवसर पर मुकेश बेलचंदन, भूपेंद्र बेलचंदन, देवीसिंह ठाकुर, दिलीप देशमुख, युवराज देशमुख, शंभू देशमुख, निर्भय बेलचंदन, लक्ष्मण ठाकुर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।






## त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव : कई पंचायतों में हुआ निर्विरोध निर्वाचन

# जनपद पंचायत बेरला की ग्राम पंचायतों में शांतिपूर्ण ढंग से हुआ उपसरपंच चुनाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला

जनपद पंचायत बेरला के अंतर्गत सभी ग्राम पंचायतों में त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 में उपसरपंच की चुनाव शांतिपूर्ण सम्पन्न हुआ। 8 मार्च को बेरला जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत में उप सरपंच का चुनाव में युवा चेहरों ने बड़ी जीत दर्ज की है। इस दौरान प्रत्येक ग्राम पंचायत के मतदाताओं में विकास के अनेक उम्मीद की किरणें युवा उपसरपंचों में दिखने को मिल रही हैं।

मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत मनियारी उपसरपंच संतोष साहू, मोहभट्ठा उपसरपंच सुग्रीव मार्कण्डेय, खिसोरा से रमेश यादव, निर्विरोध रेवे से केदार सिन्हा, घटियाकला से नंदकिशोर वर्मा, टकसींवा से राजेन्द्र निर्मलकर निर्विरोध, परपोड़ा से मालिक राम साहू, भिलौरी से अजय कुमार साहू निर्विरोध उप सरपंच चुने गए।। ग्राम मनियारी में उपसरपंच बनने पर संतोष साहू को बधाई देने लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। उन्होंने कहा कि मैं ग्राम पंचायत मनियारी में पिछले पंचवर्षीय में पंच पद पर रहा हूँ। अब 2025 वर्ष में मुझे गांव की मतदाता, पदाधिकारी सहित समर्थकों ने उपसरपंच के पद पर चुना है। ये जीत मेरी नहीं, बल्कि गांव के हर व्यक्ति की जीत है, जिनका विश्वास आज मुझे आशीर्वाद के रूप में मिला।







### ग्राम पंचायत बुन्देला की निर्विरोध उपसरपंच चुनी गईं द्रोपती

**बेमेतरा।** ग्राम पंचायत बुन्देला में उप सरपंच का चुनाव हुआ, जिसमें द्रोपती केदार यादव को निर्विरोध चुना गया। चुनाव के पीठासीन अधिकारी डॉनसिंग वर्मा रहे। इस दौरान पंचायत सचिव ईश्वर वर्मा, सरपंच बिजेशवरी शत्रुहन राजपूत एवं पंच मुकेश कुमार राजपूत, दिलेश्वरी साहू, बिमला, पुष्पा बाई, चेतन राजपूत, संतोषी साहू, प्रेमलाल साहू, लक्ष्मीन निरंजन सेवक, जितेन्द्र वर्मा, देवराज वर्मा, अहिल्या बाई, राजेश्वर वर्मा, हरिश वर्मा, शिवकुमारी बघेल, जाह्नवी लक्ष्मण राजपूत उपस्थित रहे। निर्विरोध उपसरपंच निर्वाचित होने के पश्चात द्रोपती



केदार यादव ने ग्राम में स्थित मां महामाया देवी एवं मां जगदम्बा भवानी मंदिर पहुंच कर आशीर्वाद लिया। वहीं, ग्रामीणों ने उपसरपंच व सरपंच का गुलाल कर स्वागत किया।

# सुनाई नहीं दे रही नगाड़े की धुन, विलुप्त हो रही फाग की परंपरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- आधुनिकता के दौर में फीकी पड़ रही त्योहार की चमक

आधुनिकता के इस दौर में कई त्योहार ऐसे होते हैं जिसमें पारंपरिक बाजे के बिना हुआ अधूरा सा लगता है। एक ऐसा त्योहार होली है, जिसमें पारंपरिक बाजार नंगाड़ा की धुन सुने बिना यह त्योहार पूर्ण नहीं होता है। 4 दिनों बाद होली का त्योहार मनाया जाना है, होली का त्योहार आने को है लेकिन माहौल होली के त्योहार को लेकर फीका नजर आ रहा है। न कहीं नगाड़े की थाप सुनाई दे रही है और न कहीं फाग गीतों की गूंज सुनाई दे रही है। बसंत पंचमी से ही नगाड़ों की थाप की आवाज सुनाई देती थी। लेकिन इस वर्ष अब तक क्षेत्र में नगाड़े बिकना भी शुरू नहीं हुआ है ।

होली के पखवाड़े भर पहले से ही गांव व शहर में फाग गीत नगाड़ों की धुन के साथ ही सुनाई देती थी। लेकिन इस साल कहीं भी नगाड़े की थाप सुनाई नहीं दे रहा है। रंगों का पर्व होली को अब कुछ ही दिन बचे हैं। परंतु गांव से लेकर शहरों तक था फागुन का रंग नजर नहीं आ रहा है। स्थिति यह है कि मोहल्लों में नगाड़ों की धूम से लेकर बाजारो में भी रौनक गायब दिखाई दे रही है। होलिका दहन को लेकर युवाओं की तैयारियां भी अभी तक फीकी है। सर्वजनिक, स्थल चौक, चौराहे में नगाड़ों की थाप सुनाई देता था। अब ऐसा नजर नहीं आ रहा है। भारतीय संस्कृति के प्रति लोगों का झुकाव कम देखने को मिल रहा है। आधुनिकता के इस दौर पर सब तीज त्योहार की चमक फीकी पड़ती जा रही है।

### बोर्ड परीक्षा की तैयारी में जुटे विद्यार्थी

अभी बोर्ड कक्षा दसवीं व बारहवीं की परीक्षा चल रही है। इस कारण बच्चे होली त्योहार की तैयारियों से दूर परीक्षा की तैयारियों में जुटे हुए हैं। परीक्षाओं के कारण होलिका दहन के साथ ही रंग गुलाल से दूरी बना बनाते हुए परीक्षा की तैयारियों इन दिनों बच्चे में व्यस्त है। इसीलिए भी इस बार होली का माहौल नजर नहीं आ रहा है।

### आधुनिकता ने छीनी परंपरा

अब समय के साथ लोगों के विचार बदल रहे हैं और परंपरा समाप्ति की ओर है। लोगों के कान अब फाठा गीत सुनने के लिए तरस रहे हैं । होली केवल पारंपरिक त्योहार बनकर रह गया है। आधुनिकता के रंग में अब रंगों का त्योहार भी फीका साबित हो रहा है।

# भिलौरी में धूमधाम से मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला

जनपद पंचायत बेरला अंचल में आने वाले ग्राम पंचायत भिलौरी में उप सरंपच निर्वाचन के पश्चात अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के शुभ अवसर पर ग्राम पंचायत भिलौरी के नव निर्वाचित सरपंच तेजकुमारी साहू, नवनिर्वाचित उपसरपंच अजय कुमार साहू, सचिव लेखन राम साहू, पंच पूरनलाल साहू, सुरेश साहू, गन्नू साहू, श्यामचरण साहू, भागवतराम साहू द्वारा ग्राम पंचायत भिलौरी के स्वच्छता ग्राही महिला समूह के सदस्यों प्रेमीन साहू, खिलेश्वरी साहू, मीना बाई साहू, कुमारी साहू, गदौरी बाई, चितरौतिन साहू, रबिका साहू एवं मितानिन गायत्री साहू, सविता साहू, नेमा साहू, बिहान कार्यकर्ता हीना साहू तथा सभी नव निर्वाचित महिला पंचायत सदस्य पंचगण टीनेश्वरी साहू, अमरिका साहू, शैलकुमारी साहू, कल्याणी साहू, कुम्म बाई साहू को साड़ी प्रदान कर एवं अबीर गुलाल लगाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत भिलौरी के गणमान्य नागरिक मेहतर साहू, परस राम साहू, यादोराम साहू, लेखराम साहू, भजतराम साहू, राजेंद्र साहू, मनीष साहू, अनूप साहू, ओमप्रकाश साहू, टिकेंद्र साहू पंचराम साहू, छन्नूराम साहू, पुनीतराम साहू, पूर्व सरपंच भक्तुराम साहू एवं चपरासी देवकुमार साहू उपस्थित थे।

## शिक्षा, स्वास्थ्य व स्वच्छता के क्षेत्र में काम करने वाली 32 महिलाओं का हुआ सम्मान

**डौंडीलोहारा।** भाजपा मंडल डौंडीलोहारा अध्यक्ष कुसुम शर्मा और मंडल के संयुक्त तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर लोहारा के पुराने जनपद कार्यालय भवन में एक सम्मान समारोह रखा गया। कार्यक्रम में लोहारा नगर क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य व स्वच्छता के क्षेत्र में कार्यरत महिलाओं को सम्मानित किया गया। इस दौरान 32 महिलाओं को साड़ी और अन्य उपहार भेंटकर सम्मानित कर उनका हौसला बढ़ाया गया। कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष कुसुम शर्मा ने सभी महिलाओं के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा कि हमने शिक्षा, स्वास्थ्य और स्वच्छता के क्षेत्र में दिन-रात मेहनत करने वाली नगर से जुड़ी हुई 32 महिलाओं को सम्मानित किया है। कार्यक्रम में शामिल नगर पंचायत अध्यक्ष लाल निवेंद्र सिंह टेकाम ने भी कहा कि स्वच्छता दीदियों के कारण लोहारा नगर के हर वार्ड और गलियों में स्वच्छता दिखाई देती है। हर घर में कचरा उठाने पहुंचती हैं। नगर को साफ सुथरा रखने में इनका विशेष योगदान है, तो वहीं शिक्षा से जुड़ी महिलाओं और स्वास्थ्य से जुड़ी महिलाएं भी सेवाभावी ढंग से अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर रही है जो तारीफे काबिल है।

# शिक्षित व आत्मनिर्भर महिलाएं परिवार व समाज को नई दिशा देती हैं : डॉ सरोज

**अंडा।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शैलदेवी महाविद्यालय, अंडा में शनिवार को भव्य समारोह का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर समाज की प्रगतिशील और प्रेरणादायी हस्तियों ने महिलाओं की भूमिका, अधिकारों और उनके योगदान पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सरोज पांडे, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, भारतीय जनता पार्टी थीं। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि महिला सशक्तिकरण केवल एक विचार नहीं, बल्कि एक आंदोलन है, जिसे




हमें अपने जीवन में उतारना होगा। महिलाएँ जब शिक्षा और आत्मनिर्भरता के मार्ग पर आगे बढ़ती हैं, तो वे न केवल अपने परिवार, बल्कि पूरे समाज को नई दिशा देती हैं। इस अवसर पर कार्यक्रम की मुख्य वक्ता डॉ. मानसी गुलाटी, प्रख्यात स्त्री रोग विशेषज्ञ ने महिलाओं के स्वास्थ्य और जागरूकता पर जोर देते हुए कहा कि स्वस्थ महिला ही सशक्त समाज की आधारशिला होती है। हमें अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहना चाहिए और अपनी बेटियों को भी आत्मनिर्भर बनाने के लिए शिक्षित करना चाहिए। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि राजन दुबे, अध्यक्ष, शैलदेवी एजुकेशनल सोसाइटी, भिलाई ने महिलाओं के शिक्षा के क्षेत्र में योगदान को सराहते हुए कहा कि शिक्षा ही वह माध्यम है।

# नवनिर्वाचित जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी एवं उपाध्यक्ष तोमन का किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जुंगेरा स्थित भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय बालोद में नवनिर्वाचित जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी चंद्राकर एवं उपाध्यक्ष तोमन साहू, जनपद पंचायत बालोद अध्यक्ष सरस्वती टेमरिया, डौंडीलोहारा अध्यक्ष लाल निवेन्द्र सिंह टेकाम का स्वागत किया गया एवं सभी जिला पंचायत सदस्यों, जनपद पंचायत सदस्यों




का भाजपा दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर कांकेर लोकसभा के सांसद भोजराज नाग, जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख, बाल संरक्षण आयोग के पूर्व अध्यक्ष यशवंत जैन, पूर्व जिला अध्यक्ष पवन साहू व कृष्णकांत पवार, लेखराम साहू, प्रदेश कार्य समिति सदस्य अभिषेक शुक्ला, जिला महामंत्री राकेश छोटू यादव, उपाध्यक्ष ठाकुर रामचंद्राकार, कोषाध्यक्ष दिलीप शर्मा, हरीश कटझरे, जिला मंत्री शरद ठाकुर पुष्पेन्द्र चंद्राकर, गुरुर मंडल अध्यक्ष कौशल साहू, सतीश भेड़िया, जिला मीडिया प्रभारी कमल पनपालिया, एवं भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# ग्राम पंचायत दुधली में उत्कृष्ट कार्य के लिए किया गया महिलाओं का सम्मान




हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

सीईओ जनपद पंचायत डौंडीलोहारा पंकज देव के मार्गदर्शन में ग्राम पंचायत दुधली में 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर स्वच्छाग्रही समूह व बिहान समूह की महिलाओं ने एक साथ मिलकर उत्सव मनाया। दसवीं बारहवीं की बोर्ड परीक्षा होने के कारण पढ़ाई में व्यवधान उत्पन्न न हो इसलिए महिला समूहों ने बिना लाउडस्पीकर का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। रमन बावरे ने बताया कि जब से महिलाओं की जनभागीदारी बढ़ी है तब से विकासखंड के प्रत्येक ग्रामों में गंदगी बहुत ही कम हो गई है। सार्वजनिक स्थल, तालाब, बोरिंग, सड़क किनारे तथा गली मोहल्ले की सुंदरता देखते बन रही है। पहले लोग हाथ में झाड़ू थामने में शर्मिंदा महसूस करते थे, लेकिन अब शासन प्रशासन की पहल से लोगों के जीवन में स्वच्छता को अपनी दिनचर्या में शामिल करने बेताब दिखते हैं। 8 मार्च को ग्राम पंचायत दुधली में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाने विकासखंड की महिलाएं सुबह 10 बजे से पहुंचने का सिलसिला जारी हो गया था। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के संकुल समन्वयक गौतम सिन्हा ने कहा कि डौंडीलोहारा विकासखंड की महिला समूह हर क्षेत्र में बेहतरीन कार्य कर रही हैं। संगठन बनाकर आय को दुगुना करने, स्वरोजगार को बढ़ावा देने बेर से आचार, महुआ से लड्डू, दाल बड़ी, रखिया बड़ी, अगरबत्ती, वाशिंग पाउडर, साबुन, हर्बल गुलाल जैसे विभिन्न प्रोडक्ट का निर्माण करती हैं।

# नेशनल लोक अदालत में हजारों प्रकरण निराकृत 3.43 करोड़ का अवार्ड पारित

**बालोद।** जिले के सभी न्यायालयों में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिनमें राजीनामा योग्य प्रकरणों में पक्षकारों की आपसी सहमति व सुलह समझौता से निराकृत किये गए हैं। लोक अदालत में कुल लंबित प्रकरण 2500 रखे गये थे, जिनमें कुल 2420 लंबित प्रकरणों का निराकरण किया गया।

इस लोक अदालत में, लंबित सिविल एवं दांडिक प्रकरण, प्री–लिटिगेशन के बैंक, विद्युत, जलकर, बीएसएनएल के तथा राजस्व न्यायालयों की खंडपीठ के समक्ष कुल 35042 प्रकरण रखा गया, जिसमें 29470 प्रकरणों का निराकरण नेशनल लोक अदालत के माध्यम से किया गया। प्रकरणों के पक्षकारों की भौतिक तथा वर्चुअल दोनों ही माध्यमों से उनकी उपस्थिति में निराकृत किए जाने के अतिरिक्त स्पेशल सिटिंग के माध्यम से भी पेटी आर्फेस के प्रकरणों को निराकृत किया गया। इस नेशनल लोक अदालत में 03 करोड़ 43 लाख 41 हजार 463 रुपये की राशि का अवार्ड पारित किया गया। उल्लेखनीय है कि इस सिलसिले में छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर के मुख्य न्यायाधीश, न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा ने इस संपूर्ण लोक अदालत को सफल बनाये जाने हेतु निरंतर प्रयास करते हुए वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से भी लगातार अधिक से अधिक मामलों को निराकृत किये जाने हेतु प्रेरित किया। इसी तारतम्य में प्रधान जिला व सत्र न्यायालय बालोद एवं व्यवहार न्यायालय स्तर पर डौण्डीलोहारा, दल्लीराजहरा, गुण्डरदेही में तथा बालोद जिले के राजस्व न्यायालयों में भी नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्याम लाल नवरत्न बालोद के निर्देशानुसार इस लोक अदालत के लिए न्यायालयों में कुल 09 खण्डपीठ का गठन किया गया। जिसमें कुल लंबित प्रकरण 2500 रखे गये थे, जिसमें कुल 2420 लंबित प्रकरणों का निराकरण नेशनल लोक अदालत के माध्यम से किया गया। इस नेशनल लोक अदालत में आपसी सहमति व सुलह समझौता करने वालों पक्षकारों को प्रोत्साहन स्वरूप पौधा वितरण भी किया गया। नेशनल लोक अदालत में जिला न्यायालय परिसर में आये पक्षकारों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया। इस नेशनल लोक अदालत में बालोद बाजार के द्वारा स्टॉल लगाया गया।

HEALTH TOWN
अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
- टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### सहायक संचालक बनाए गए मधुप कुमार

**बालोद।** ग्रामोद्योग संचालनालय रेशम प्रभाग के फील्ड आफिसर मधुप कुमार चंदन को छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा विभागीय पदोन्नति कर सारंगढ़ बिलाईगढ़ सहायक संचालक जांजगीर चांपा में पदस्थ किया गया। मुरारी लाल चंदन ने बताया कि मधुप कुमार चंदन के माता पिता सरस्वती शिशु मंदिर बालोद के आचार्य है। मधुप कुमार चंदन गाँव सोनईडोंगरी से भीषम साहू, कौशल साहू, दुधारु साहू, गांव के सरपंच जाग्रति साहू, बालोद से यज्ञदत शर्मा, प्रीतम साहू, कुमारी बाई साहू, प्रतिभा चौधरी, दीपक लोढ़ा, नितेश वर्मा, विनोद कौशिक, रूद्रकांत यादव, केसी पवार, योग आयोग के अध्यक्ष रूप नारायण सिन्हा, पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व सदस्य देवेंद्र जायसवाल, जिला पंचायत के सदस्य तोमन साहू ने हर्ष व्यक्त किया है।

### चुल्हापथरा में 402 गौवंशों का किया गया टीकाकरण




**गुरूर।** ग्राम चुल्हापथरा स्थित श्रीकृष्ण गोपाल गौशाला में पशु चिकित्सा विभाग द्वारा चिकित्सा शिविर लगाकर टीकाकरण किया गया। इस दौरान गौशाला के 402 गौवंशों को एफएमडी का टीका लगाया गया। पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ बीके विश्वकर्मा के मार्गदर्शन में विभाग की टीम के नारायण निषाद, पैरावेट आशीष साहू, राहन सिन्हा, डीएम गंजीर व अन्य सदस्यों ने गौशाला के गौवंशों का टीकाकरण के साथ उपचार किया। इस दौरान 10 बछड़ों का बधियाकरण किया गया। 35 का उपचार किया गया, 75 गौवंशों को कृमिनाशक दवाई पिलाई गई, शिविर में 408 डिटिकिंग किया गया। टीकाकरण कार्य में गौशाला प्रमुख भागवत राम साहू, प्रबंधक तोरण लाल साहू, हरीश साहू, जादूराम साहू, तिजऊ राम ने सक्रिय सहभागिता निभाई।

### मोबाइल पार करने वाला युवक गिरफ्तार

**भिलाई।** वाहन और मोबाइल चोरी करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 303 (2), 304 (2) के तहत जुर्म दर्ज किया है। सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया कि एक्टिवा सीजी 07 एयू 6645, सीजी 7 एडब्लू 0931 की चोरी की शिकायत पुलिस में की गई थी। घटनास्थल का सीसी कैमरा चेक किया गया इस दौरान युवक फुटेज पुलिस को मिला। जिसे पुलिस ने मुखबिरों से शिनाख्त कराया गया। युवक का नाम मौहारी मरोदा नेवई निवासी कोमल कुमार ठाकुर उर्फ गोलू बताया गया। जिसे पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ा गया।



**आयोजन :** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में मंत्री दयालदास ने महिलाओं को किया सम्मानित

# महिलाएं न केवल परिवार की धुरी हैं, बल्कि हर क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं : बघेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

खाद्यमंत्री दयाल दास बघेल ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित वृहद महतारी वंदन सम्मेलन में संबोधित करते हुए कहा कि महिलाएँ न केवल परिवार की धुरी हैं, बल्कि वे शिक्षा, स्वास्थ्य, प्रशासन, स्वच्छता, समाजसेवा और आर्थिक विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। चाहे आंगनबाड़ी कार्यकर्ता हों या मितानिन, महिला स्वच्छग्राही हों या नगर निकाय की सफाई कर्मचारी इन सभी ने जिले को स्वच्छ, स्वस्थ और समृद्ध बनाने में अपनी मेहनत और समर्पण का परिचय दिया है।

उन्होंने का कि पंचायतों में महिलाओं के लिए 50 प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित की गई। जहां पंचायत चुनावों में महिलाओं को सबसे पहले 50 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया गया। आज बेमेतरा जिला पंचायत की अध्यक्ष और उपाध्यक्ष दोनों पदों पर महिलाओं का नेतृत्व यह दर्शाता है कि महिलाएँ अब नीति-निर्माण की प्रक्रिया का सक्रिय हिस्सा बन रही हैं। इसके अलावा, जिले की कई पंचायतों में महिलाएँ सरपंच और पार्षद के रूप में अपनी सेवाएँ दे रही हैं, जिससे स्थानीय शासन व्यवस्था में उनका प्रभाव बढ़ा है। मंत्री दयाल दास बघेल ने जिला स्तरीय अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस सम्मेलन में विभिन्न विभागों की 46 महिलाओं को सम्मानित किया। महिला एवं बाल विकास विभाग, नगरीय निकाय और ग्राम पंचायत स्तर की उन कर्मठ महिलाओं को सम्मानि किया गया जिन्होंने अपने कार्यों से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाया और अपने कार्य क्षेत्र में बेहतर सेवा का परिचय दिया है। कलेक्टर रणबीर शर्मा और सीनियर पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल का स्वागत किया । मंत्री श्री बघेल ने दीप प्रज्वलित कर सम्मेलन का शुभारंभ किया। स्वागत भाषण जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास चंद्रवेश सिंह सिसोदिया ने दिया।






### सांस्कृतिक कार्यक्रमों की दी गई प्रस्तुति

सम्मेलन में विधायक बेमेतरा दीपेश साहू, विधायक साजा ईश्वर साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी, नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा सहित जनप्रतिनिधि, अजय साहू, राजेंद्र शर्मा, योगेश तिवारी एवं पूर्व सहित बढ़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थी। इस मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए । खाद्य कहा मंत्री श्री बघेल ने कहा कि विभिन्न विभागों में कार्यरत महिला अधिकारी और कर्मचारी अपनी सेवाओं के माध्यम से समाज में सकारात्मक बदलाव ला रही हैं। बच्चों और महिलाओं के पोषण, शिक्षा और स्वास्थ्य से जुड़े कार्यक्रमों में उनका योगदान प्रशंसनीय है। मितानिनों ने स्वास्थ्य सेवाओं को जन-जन तक पहुँचाने में अहम भूमिका निभाई है, जिससे जिले में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ी है। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस सम्मेलन में इन सभी प्रेरणादायी महिलाओं को सम्मानित किया गया। नगरीय निकाय और ग्राम पंचायत स्तर की उन कर्मठ महिलाओं को भी सम्मानित किया जिन्होंने अपने कार्यों से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाया है।

### महतारी वंदन योजना से आत्मनिर्भर हो रही हैं महिलाएं

श्री बघेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार महिलाओं के उत्थान और सशक्तिकरण के लिए निरंतर प्रयासरत है। राज्य सरकार विभिन्न योजनाओं के माध्यम से महिलाओं को आर्थिक, सामाजिक और शैक्षिक रूप से सक्षम बना रही है। छत्तीसगढ़ सरकार ने महिलाओं की आर्थिक स्वतंत्रता को सुनिश्चित करने के लिए महतारी वंदन योजना शुरू की है, जिसके तहत राज्य की पात्र महिलाओं को प्रतिमाह 1000 की सहायता राशि प्रदान की जा रही है। यह योजना न केवल महिलाओं को आत्मनिर्भर बना रही है, बल्कि उनके परिवार की आर्थिक स्थिति को भी मजबूत कर रही है।

### योजनाओं की दी गई जानकारी

मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की बेटियों के विवाह के लिए सहायता राशि दी जाती है, जिससे उनके परिवारों पर वित्तीय बोझ कम होता है और वे सम्मानजनक जीवन जी सकती हैं। महिलाओं की सुरक्षा और सहायता के लिए सरकार सखी वन स्टॉप सेंटर चला रही है, जहां उन्हें कानूनी, सामाजिक और मानसिक सहयोग मिलता है। उन्होंने आगे कहा कि राज्य सरकार महिलाओं के लिए स्वयं सहायता समूहों को बढ़ावा दे रही है, जिससे वे छोटे-छोटे उद्योगों और स्वरोजगार से जुड़कर आर्थिक रूप से सशक्त हो रही हैं।

**शिक्षा पर दिया जोर:** मंत्री दयालदास बघेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार महिलाओं की सामाजिक और आर्थिक स्थिति को सशक्त बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। इन योजनाओं से महिलाओं को आत्मनिर्भरता और सम्मानजनक जीवन जीने का अवसर मिल रहा है। महिला सशक्तिकरण की इस दिशा में उठाए गए ये कदम न केवल वर्तमान बल्कि भविष्य की पीढ़ियों के लिए भी प्रेरणादायक हैं। उन्होंने महिलाओं से अपील की कि अपने बच्चों को जरूर शिक्षा दें, उन्हें पढ़ाये-लिखाये और बच्चों पर ध्यान दें। विधायक दीपेश साहू और विधायक ईश्वर साहू ने कहा कि महिलाएँ अब हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं और समाज के विकास में उनका योगदान अमूल्य है। उन्होंने महिलाओं से शिक्षा और आत्मनिर्भरता की ओर आगे बढ़ने का आह्वान किया।जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी, अध्यक्ष नगर पालिका, विजय सिन्हा, कलेक्टर शर्मा और पुलिस अधीक्षक साहू ने भी संबोधित किया।

# शासकीय कन्या विद्यालय देवकर में किया जा रहा है बाल बैंक का संचालन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

जिले का एकमात्र स्कूल शासकीय कन्या प्राथमिक शाला देवकर, विकास खण्ड साजा है जहां पर स्कूली बच्चों के लिए बैंक संचालित है। इस बाल बैंक में कक्षा पहली से पांचवी तक के बच्चे प्रतिदिन पैसा जमा भी करते है और निकालते भी हैं। इस बाल-बैंक का गठन 9 फरवरी 2017 को तात्कालीन प्रधान पाठिका मैमुना सुल्ताना ने किया था। जिसका उद्देश्य बच्चों में बचपन से ही संचय शक्ति का विकास करना, बचत की आदत डालना था। शिक्षिका मैमुना सुल्ताना आज भी इसका सफलता पूर्वक संचालन कर रही है। पांचवी उत्तीर्ण होने के पश्चात शाला से नाम खारिज होते ही सभी खाता धारकों को उनकी राशि देकर खाता खारिज किया जाता है। बच्चे प्रतिदिन 1रु.,2रु., 5रु. अपनी सुविधानुसार पैसा जमा एवं निकासी करते हैं। सप्ताह में एक दिन प्रार्थना सभा में उनकी राशि की जानकारी दी जाती है। सर्वाधिक पैसा जमा करने वाले बच्चों को प्रोत्साहित किया जाता है। विगत 6 मार्च को शाला में पांचवी के बच्चों के विदाई समारोह में बाल बैंक में सर्वाधिक राशि 1210 रूपए जमा करने वाली छात्रा भुनेश्वरी सिन्हा कक्षा चौथी, द्वित्तीय सोनिया कुम्हार कक्षा चौथी 237, तृतीय स्थान पर दीक्षित चक्रधारी कक्षा दूसरी 210 रुपए को शाला की तरफ से गुल्लक प्रदान कर सम्मानित किया गया।

■ बच्चों में बचपन से ही बचत को बढ़ावा देने किया जा रहा है संचालन

जिससे शाला के सभी बच्चों को बचत की सीख मिले। शिक्षिका मैमुना सुल्ताना ने बताया कि शाला में दर्ज 50 बच्चों के बाल बैंक में राशि 3000 से 5000 के बीच रहती है। इस बाल बैंक के संचालन में शाला की प्रधान पाठिका गिरिजा पटेल, आशुतोष चौबे, वीणा रावटे, श्वेता वर्मा सभी का सहयोग मिल रहा है।

# खपरी धोबी स्कूल में किया गया महिलाओं का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

शासकीय प्राथमिक शाला खपरी धोबी विकासखंड साजा में शाला स्तर पर अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय की रसोईया दीदी व महिला पालक व महिला शिक्षक अतिथि के रूप में उपस्थित थीं। सबसे पहले मां सरस्वती की तेल चित्र पर पुजा अर्चना कर कार्यक्रम की शुरुआत हुई। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उपस्थित विद्यालय की शिक्षिकाओं का, रसोईया दीदियों का, महिलाओं, पालकों का गुलाल लगाकर पुष्प माला पहनाकर सम्मान किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्यालय की शिक्षिका विजय लक्ष्मी रावत ने बच्चों को आशीर्वाद देते हुए मां, बहन, बेटियों की जीवन पर प्रकाश डाली उनके जीवन में दुख सुख और उपलब्धियों पर बात रखी। रसोईयां दीदीयों ने भी बच्चों को संबोधित किया और सामूहिक रूप से कही की हमें अपने माता बहन बेटियों का सम्मान करना चाहिए। शिक्षिका रूखमणी सेन ने महिलाओं के जीवन पर आने वाली कठिनाईयों पर बात रखी। साथ ही इतनी कठिनाईयों के बावजूद कुछ करने पर बात रखी। आयोजक संस्था प्रमुख प्रधान पाठक धनेश रजक अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर कहा कि एक महिला हमारे जीवन में मां के रूप, बहन के रूप में, बेटी के रूप, भाभी के रूप, में आती है हम उनका सम्मान करें, उनको सम्मान दें। उन्होंने कहा कि आज एक महिला देश के सर्वोच्च पद पर आसीन है। हजारों महिला देश की सुरक्षा में तैनात है, आज हजारों महिला शिक्षक के रूप में, डाक्टर के रूप में सभी विभागों मे सेवा दे रही महिलाएं, यहां तक महिला लड़ाकू विमान उड़ा रहीं, ट्रेन चला रही महिला, तो हम आप सभी को समाज में घर परिवार में शासकीय कार्यालय में सेवा दे रही महिलाओं का सम्मान करना चाहिए। प्रधान पाठक धनेश रजक ने सभी महिलाओं को विद्यालय परिवार की ओर से कलम भेंटकर सम्मानित किया। शिक्षक थुकेल राम तारम ने आभार व्यक्त किया।



**परपोड़ा-मनियारी-सिंघौरी-सलधा 400-400 मीटर तक डामरीकरण नहीं**

# गुणवत्ताहीन निर्माण, उखड़ने लगी सड़क डामरीकरण करना भी भूल गए जिम्मेदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेरला

लोक निर्माण विभाग साजा के एक मामला सामने आ रहे हैं। सड़क निर्माण में लापरवाही व गुणवत्ताहीन निर्माण के चलते घटिया मटेरियल की उपयोग से सड़क की परत उखड़ने लगे। लिहाजा बेरला ब्लॉक के ग्राम सलधा-सिंघौरी-मनियारी-परपोड़ा सड़क निर्माण के दौरान कई जगहों पर डामरीकरण करना भूल गए है।

जिससे लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहे है। मनियारी से सिंघौरी के बीच सड़क में गिट्टी डालकर छोड़ दिया गया है। वहीं, नुकीले गिट्टी के कारण साइकल से लेकर बड़े वाहन को भारी नुकसान का सामना करना पड़ रहे है। ये आज की बात नहीं है जब से निर्माण कार्य 2021-22 से शुरू हुए तब से यह स्थिति का सामना आम जनता जनार्दन सहित ग्रामीणों के लिए मजबूरी बना है। इसके बावजूद आज तक सम्बंधित इंजीनियर, एसडीओ एवं कार्यपालन अभियंता भी जांच के लिए नहीं आये। इससे ग्रामीणों में कई प्रकार के कथित रूप से सवालिया उत्पन्न हो रहे है। निकटवर्तीय ग्राम सिंघौरी से सलधा के बीच 400 मीटर तक यही स्थिति है। गिट्टी के ढेर सड़क पर फैले होने से बड़ी दुर्घटना होने की संभावना बना हुआ है। साथ ही घटिया मिट्टीयुक्त मुरम को डालने से बारिश के पानी के सड़क की मिट्टी किसानों के खेतों में बह गए है। जिससे किसानों की फसल क्षति ग्रस्त हो रही है।



### 2021-2022 के बजट में हुआ था शामिल

गौरतलब है कि पिछली सरकार ने लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत 2021-22 के बजट में शामिल किया था। जिला बेमेतरा के जनपद पंचायत बेरला के ग्राम पंचायत सलधा-सिंघौरी-मनियारी-परपोड़ा मार्ग लंबाई 9.575 किलोमीटर निर्माण कार्य 1167.43 लाख रुपये लागत से निर्माण हो रही है। इस सड़क निर्माण के दौरान परपोड़ा मनियारी के बीच नरवा पर पुलिया बनाया जा रहा है। जिसमें बिजली विभाग को खुलेआम चुना लगाया जा रहा है। बिना मीटर के खंबे से डायरेक्ट लेकर पुलिया निर्माण बिजली सम्बंधित कार्य को अंजाम दिया जा रहा है। इसके साथ ही पानी के लिए मोटर पम्प चलाया जा रहा है। वहीं, जल संसाधन विभाग साजा को भी चूना लगा कर पलीता लगाने का काम कर रहे हैं। मोटर पम्प लगाकर बिना अनुमति के पानी खींचकर उपयोग किया जा रहा है। जिससे मोटी रकम बचाने के चलते विभाग को नुकसान पहुंचा रहे है। एक तरफ गर्मी के चलते गांव व शहर के मोटर पम्प, हेण्डपम्प, नल के वाटर लेवल कम हो गए है। जिनका समस्या प्रदेश के लिए बड़ी मुसीबत बन गए है।

# थानखम्हरिया में हुई मानस संगोष्ठी

**थान खम्हरिया।** मानस संघ ब्लॉक साजा के अंतर्गत शक्ति केंद्र (03) के थानखम्हरिया (वार्ड क्र. 15) में मानस संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शक्ति केंद्र के विभिन्न मानस मण्डलियों ने प्रस्तुति दी।




प्रथम पुष्प के रूप में शिव शक्ति (महिला) मानस मण्डली दर्री, द्वितीय पुष्प गुरुकृपा मानस मण्डली गुवारा, तृतीय पुष्प शारदा मानस मण्डली चीज़गांव, चतुर्थ माँ शारदा मानस मण्डली पलेनी, पंचम पुष्प माँ चंडी मानस मण्डली करमू, षष्ठम हिंगलाज मानस परिवार पतोरा एवं स्थानीय माँ शीतला मानस मण्डली थान खम्हरिया द्वारा कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम में मानस संघ ब्लॉक साजा के पदाधिकारियों का भी आगमन हुआ जिसमे अनीता चन्दन अग्रवाल अध्यक्ष नगर पंचायत थान खम्हरिया ,भरत साहू अध्यक्ष मानस संघ ब्लॉक साजा, अनिल सिंघानिया मानस संघ सलाहकार एवं श्री राम सेवा सत्संग मानस समिति , सुरेश साहू अध्यक्ष शक्ति केंद्र , होरीलाल, रामजी साहू , मनोज सिन्हा हरिश्चंद्र साहू गणेशु साहू, कुमार पाल, योगिता राजपूत, सीता पाटिल, चंद्रशेखर निषाद, जानूराम यादव, दीनदयाल निषाद, चेतन साहू आदि उपस्थित रहे। इस दौरान अनिल सिंघानिया ने अपने सम्बोधन में कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों में सभी का सहयोग होना चाहिए। भरत साहू ने मानस संघ के आगामी कार्यक्रम श्री राम ध्वज यात्रा के संबंध में जानकारी दी।

# जिपं सीईओ व महिला-बाल विकास विभाग के अधिकारी को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कार्य में लापरवाही बरतने पर जिला पंचायत सीईओ एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी को कलेक्टर ने नोटिस जारी किया है और 24 घंटे में जवाब देने को कहा गया है।

■ अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम में लापरवाही पर कलेक्टर ने जारी किया नोटिस

नोटिस में कहा गया है कि 8 मार्च, अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित हुआ था। उक्त कार्यक्रम में पत्रकार दीर्घा का स्थान सुरक्षित करने निर्देश दिए गए। परंतु कार्यक्रम के दौरान पत्रकार दीर्घा में अव्यवस्था होने से पत्रकारों द्वारा अप्रसन्नता व्यक्त की गई है। वहीं आपके द्वारा पत्रकारों से दुर्व्यवहार किया गया। सौंपे गये दायित्व के निर्वहन में आपके द्वारा उदासीनता बरती गई है। उक्त कारणों से महत्वपूर्ण कार्यक्रम में पत्रकारों के बैठने की व्यवस्था नहीं की गई। आपका यह कृत्य सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के उप नियम 1 (क) के विपरीत होना तथा कर्तव्य पर लापरवाही का द्योतक एवं अनुशासनहीनता का प्रतीक है। स्पष्टीकरण नोटिस प्राप्ति के 24 घंटे के भीतर जवाब प्रस्तुत करना सुनिश्चित करे। स्पष्टीकरण समाधान जनक नहीं होने पर नियमानुसार एक पक्षीय कार्यवाही की जाएगी।







